**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने 12 घंटे की चर्चा के बाद गत रात इसे मंजूरी दी। 128 सदस्यों ने इस विधेयक के पक्ष में और 95 ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा ने यह विधेयक पहले ही पारित कर दिया था। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ ही वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और वक्फ बोर्ड तथा स्थानीय प्राधिकरणों के बीच समन्वय बढ़ाकर प्रशासन में सुधार लाया जाएगा। विधेयक का उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं, विशेषकर विधवा और तलाकशुदा औरतों की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिाति में सुधार लाना भी है। इसके तहत वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों तथा महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर, बेहतर प्रशासन के लिए बोर्ड को अधिक समावेशी बनाया जायेगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ-सबका विकास के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है।

*भारत की जो सरकार है, किसी को धर्म के आधार पर तो आप अपना काम नहीं कर सकते। भारतीय नागरिक होने के नाते सबको एक दृष्टिकोण से हमको देखना होता है, सबको बराबर देखना होता है। जब मोदी जी ने कह दिया कि सबका साथ-सबका विकास, वही तो संविधान का स्पीरिट है।*

*************************************************************************

गुजरात के जामनगर में 2 अप्रैल को भारतीय वायुसेना के जगुआर लड़ाकू विमान के क्रैश होने से शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का अंतिम संस्कार आज रेवाड़ी जिले स्थित उनके पैतृक गावं भालकी माजरा में सैन्य सम्मान के साथ किया गया। उनके पिता पूर्व सैनिक सुशील यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार से पहले वायुसेना व स्थानीय प्रशासन के अधिकारीयों व ग्रामवासियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सिद्धार्थ यादव अपने पीछे माता पिता और एक छोटी बहन छोड़ गए है।

*************************************************************************

हरियाणा सरकार ने पहले चरण में इस साल अगस्त तक 200 नई अटल श्रमिक किसान कैंटीन शुरू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन कैंटीनों का उद्घाटन करेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह कदम अपने संकल्प पत्र में 600 रियायती भोजन कैंटीन स्थापित करने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में उठाया जा रहा है।अटल श्रमिक किसान कैंटीन में किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपये प्रति थाली की रियायती दर पर स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर 175 सब्सिडी वाले भोजन कैंटीन संचालित हैं। इनमें श्रम विभाग की 115, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की 53 और चीनी मिलों की 7 कैंटीन शामिल हैं।इन 200 नई अटल श्रमिक किसान कैंटीनों की स्थापना के साथ प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर 375 हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने इन कैंटीनों के लिए स्थानों की पहचान करने का काम जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

***************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा ली गई माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के अंकन का कार्य शुरू हो गया है।कल बोर्ड अध्यक्ष डॉ पवन कुमार द्वारा जिला-पंचकूला के अंकन केन्द्र का , बोर्ड सचिव डॉ० मुनीश नागपाल के उडऩदस्ते द्वारा उप-मण्डल सफीदों तथा जिला-पानीपत और अतिरिक्त बोर्ड उप-सचिव के उडऩदस्ते द्वारा उप-मण्डल तोशाम के अंकन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। किसी भी अंकन केन्द्र पर किसी भी प्रकार की खामी नहीं पाई गई।अधिकारियों ने सभी परीक्षकों को परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के अंकन कार्य को पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता से करने तथा निर्धारित समय व मानक अनुसार ही कार्य का निपटान करने का निर्देश दिए।

***********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबंद्ध तावडू के डि□ारा स्थित सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र में।26 मार्च को रद्द हुई वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षिक) की हिन्दी विषय की पुन: परीक्षा 5 अप्रैल को होगी।बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि यह परीक्षा अब नूंह के फिरोजपुर नमक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र पर दोपहर साढ़े बारह से सायं साढ़े तीन बजे तक ली जाएगी।